तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 25 दिसंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



11 शिक्षा विभाग कर रही अवहेलना, वेतन...





11 नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लौट रही खुशहाली





Shri Gopala HOSPITAL

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### सीएम आज करेंगे अटल परिषद निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**कांकेर।** नगर पालिका परिषद द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में मुख्यमंत्री के द्वारा वर्चुअल माध्यम से अटल परिषद निर्माण कार्य का भूमिपूजन शिलान्यास कार्यक्रम आज 25 दिसंबर बुधवार को जवाहर वार्ड वंदे मातरम स्थल में दोपहर 1 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विशेष अतिथि सांसद भोजराज नाग, विधायक आशाराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष सरोज जितेन्द्र सिंह ठाकुर, पार्षद गण उगेश्वरी उईके, विजयलक्ष्मी कौशिक, लीना मनोज जैन, दीपक शौरी, जयंत अटभैया, सतीश दीपक, मकबूल खान, अजय सिंह रेणु, सुशीला यादव, शादाब खान, आरती रवि श्रीवास्तव, मीना उईके, राजकिशोर टिकेन्द्र ठाकुर, शैलेंद्र शौरी, रामशिला हालदार साहू, माला मुकेश तिवारी, जितेंद्र वेद, जागेश्वरी साहू, नरेश बिछिया, आनंद चौरसिया उपस्थित रहेंगे।

### किलेपार में तीन दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता होगी शुरू आज

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के ग्राम किलेपार में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 27 दिसंबर तक किया जाएगा। न्यू यंग स्टार कबड्डी क्लब के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय पुरस्कार 7001, तृतीय पुरस्कार 5001, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपए दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को आयोजन समिति द्वारा निर्धारित नियम और शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा। न्यू यंग स्टार कबड्डी क्लब ने सभी खेल प्रेमियों और दर्शकों से अपील की है कि वे इस आयोजन में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और इस रोमांचक प्रतियोगिता का आनंद लें।

# सुबह व दोपहर धूप, शाम को बढ़ी अचानक ठंड, 27 को बारिश का अंदेशा

## नया पशिचमी विक्षोभ आने पर पांच दिन शीतलहर नहीं चलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मौसम ने फिर बदली करवट

सोमवार को मौसम ने फिर करवट बदला है। अलसुबह घना कोहरा छाया रहा व सुबह 9 बजे से धूप निकल आई। दोपहर को भी धूप व बदली की स्थिति रही। शाम को अचानक नम हवाओं के साथ ठंड बढ़ने लगी। मौसम विभाग के मुताबिक एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है।

इसके आने का प्रभाव यह रहेगा कि पांच दिनों तक शीतलहर नहीं चलेगी। 27 व 28 दिसंबर को बारिश हो सकती है। न्यूनतम तापमान में बदली की वजह से कोई विशेष परिवर्तन की स्थिति इन दिनों नहीं है, इसलिए ठंड की स्थिति फिलहाल नहीं बनेगी। मौसम विभाग के मुताबिक एक नया पश्चिमी विक्षोभ भारतीय क्षेत्र को 27 दिसम्बर को प्रभावित करने के कारण 27 व 28 दिसम्बर को उत्तर छत्तीसगढ में हल्की वर्षा सम्भावित है। 30 दिसम्बर से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना बन रही है। रविवार यानी 22 दिसंबर को कांकेर का न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक आज 25 दिसम्बर को न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट संभावित है, किन्तु विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है, इसलिए मौसम शुष्क रहेगा। दक्षिण छत्तीसगढ में बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन जारी रहने के कारण हल्के और निम्न स्तर के बादल रह सकते हैं।



### बंगाल की खाड़ी से निम्न दाब बढ़ रहा

मौसम विभाग के मुताबिक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के उपर स्थित है। इसके पश्चिम-दक्षिण- पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए दक्षिण- पश्चिम बंगाल की खाड़ी- तटीय तमिलनाडु के निकट पहुंचने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के मध्य भाग में स्थित है।

## हादसा: आठ हुए घायल, गंभीरों को हायर सेंटर किया रिफर

# पिकअप पलटने से एक महिला की मौत बाइक पेड़ से टकराई, चालक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- यातायात पुलिस की हिदायत देने के बाद भी नियमों का करते हैं उल्लंघन

अमोड़ा में देर रात में पिकअप वाहन खड़ी ट्रक से टकरा गई, जिसमें एक महिला की मौत हो गई, वहीं 8 लोग घायल हो गए। जिन्हें ईलाज के लिए स्थानीय स्तर पर व्यवस्था कर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। गंभीर रूप से घायलों को हायर सेंटर रिफर किया गया।

जानकारी के अनुसार गौरगांव से ग्रामीण अमोडा में नहावन कार्यक्रम में शामिल होने पिकअप से पहुँचे थे। कार्यक्रम के उपरांत वापिस गौरगांव जाते समय कुरना में खड़े ट्रैक्टर से पिकप टकरा गई, जिससे पिकअप में सवार सभी 25 सवारी दब गई, जिसमें एक महिला की मौत मौके पर हो गई थी। गंभीर रूप से घायल 8 लोगों को ईलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। अन्य को मामूली चोट थी, परंतु उनको दूसरे साधन से गौरगांव भेजा गया। पिकअप में सवार होकर इस तरह को जाने वालों को यातायात टीम कई बार समझाइश दे चुकी है, परंतु उसके बाद भी पिकअप में इस तरह से सवारी भरकर ढोने से पिकप मालिक व चालक बाज नहीं आ रहे है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस में किसी भी पक्ष ने मामला दर्ज नहीं कराया है। नहावन जैसे कार्यक्रम में लोग पिकप में सवार होकर भीड़ की भीड़ जाती है और इस तरह से हादसे के शिकार होते रहते है।





### पिकअप में ढोते रहते हैं सवारी

यातायात के द्वारा हिदायत दिए जाने के बाद भी पिकप चालक व पिकअप मालिक सवारी को ढोने का काम लगातार करते आ रहे है। 10 दिसंबर को मचांदुर घाट पर हादसा हुआ था, उसके बाद यह हादसा हुआ। यातायात पुलिस लगातार ऐसे चालकों पर कार्रवाई करती है। परंतु जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के फोन आने पर चालानी कार्रवाई भी नहीं हो पाती है। जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ऐसे वाहनों को देखकर कार्यवाही करवाने के लिए सामने आने लगेगे , तभी हादसों में कमी आएगी, अन्यथा इसी तरह की दुर्घटना होती रहेंगी और लोग मौत के आगोश में समाते जाएंगे।

### मुड़पार के पास बाइक पेड़ से टकराई, चालक की हुई मौत



सरोना तहसील के अंतर्गत मुड़पार से नरहरपुर जाने वाले मार्ग पर मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। तेज रफ्तार बाइक चलाने के कारण साल्हेभाट निवासी बाइक सवार 24 वर्षीय अजय भास्कर दुर्घटना का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिरने के बाद गंभीर चोटों के कारण अजय की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ है, जिसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी ली और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। स्थानीय लोगों के अनुसार, तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाना हादसे का कारण बना।

### जंगलवार कालेज का जवान घायल

एसटीएफ का जवान बालराम मंडावी पिता गुलबीर मंडावी का सोमवार 23 दिसंबर को जंगलवार काँलेज के पास बाईपास रोड में एक्सीडेंट हो जाने से एक पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जिसे जिला अस्पताल में प्राथमिक ईलाज के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जवान जंगलवार कालेज में पदस्थ है। कालेज जाते समय यह हादसा हुआ।

## रावघाट में 80 फीसदी हिस्सा अंतागढ़ का फिर भी प्रभावितों की हो रही अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



- सांसद, विधायक, संघर्ष समिति, विकास समिति सहित अन्य ग्रामों के लोगों ने की चर्चा

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग एवं अंतागढ़ विधायक विक्रम देव उसेंडी की उपस्थित में सोमवार को बैठक आयोजित किया गया। जिसमें रावघाट संघर्ष समिति और रावघाट विकास समिति के सदस्यों के अलावा ताड़ोकी, बोंदानार अंतागढ़ के लोग बैठक में उपस्थित रहे। सांसद एवं विधायक व्यस्त कार्यक्रमों की वजह से बैठक शाम चार बजे आयोजित किया। जिसमें बैठक लेट होने कारण रावघाट विकास समिति के लोग चले गए थे। रावघाट क्षेत्र में अस्सी फीसदी हिस्सा अंतागढ़ ब्लॉक का होने के बावजूद अंतागढ़ ब्लॉक के प्रभावितों की अनदेखी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में रावघाट क्षेत्र की नई समिति बनाकर अपना अधिकार बताना और आपस में मतभेद पैदा करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। आयोजित बैठक में क्षेत्र विधायक विक्रम उसेंडी ने बताया 2010 में रावघाट क्षेत्र का प्रशासन के द्वारा नक्शा बनाया गया था, जिसमें कौन से गांव और कहाँ तक का क्षेत्र अंतागढ़ ब्लॉक में आता हैं। बैठक में नक्शा भी दिखाया और बीएसपी के द्वारा अंतागढ़ को महत्व नहीं देने पर नाराजगी जताई। विक्रम देव उसेंडी ने कहा रावघाट माइंस के नाम पर एक समिति बने, जिसमें अंतागढ़ ब्लॉक के लोगों की सहभागिता हो। सांसद भोजराज नाग ने नक्शा देखकर कहा अंतागढ़ ब्लॉक के लोगों को इसका लाभ मिलना चाहिए। क्षेत्र के लोगों के रोजगार से लेकर पूरे क्षेत्र में विकास के कार्य होने चाहिए पर जिस स्तर के कार्य अभी तक हुए है वो जांच का विषय है, जैसे इको डेवलपमेंट के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। हमारी सरकार ऐसे भ्रष्ट अधिकारीयों पर कार्रवाई करेगी वो चाहे सीसीएफ हो या रेंजर एसडीओ, डीएफओ ▶▶| शेष पेज 10 पर

### 28 को फिर होगी बैठक

सांसद ने फिर से सभी लोगो के साथ एक बैठककर क्षेत्र के सभी वर्गों की सहभागिता पर जोर दिया, जिस पर सांसद व विधायक की सहमति से 28 दिसंबर को 12 बजे भैंसगांव स्कूल मैदान में बैठक करने का निर्णय लिया गया।

## भाजपा विधायक विक्रम के प्रयास से ही तालाब की मेड़ के लिए जारी हुई राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम सुरूंगदोह व अंधेवाड़ा मार्ग के तालाब की मेड़ 2018 में बारिश से मेड़ टूटकर बह गई थी, जिसका निर्माण की माँग को लेकर कांग्रेस नेताओं ने पाँच साल तक प्रयास किया, परंतु स्वीकृति आज तक नहीं मिल पाई। भाजपा सरकार के आते ही अंतागढ़ विधायक के प्रयास से जिला निर्माण समिति के द्वारा 72 लाख 27 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। विदित हो कि ग्राम सुरूंगदोह में सन 2018 में हुई बारिश से तालाब की मेड़ टूटकर बह गई थी, उसके बाद लगातार कांग्रेस के नेताओं ने कांग्रेस सरकार से संज्ञान में लाया, परंतु कांग्रेस सरकार ने इस पर एक भी राशि स्वीकृत नहीं किया। ग्राम पंचायत सुरूंगदोह के सरपंच सहित ग्रामीण टूटे मेड़ को ▶▶| शेष पेज 10 पर



## भाजपा जिलाध्यक्ष को लेकर आज कमल सदन में होगी रायशुमारी

**कांकेर।** भाजपा जिलाध्यक्ष को लेकर आज 25 दिसंबर को मल सदन में रायशुमारी होगी। रायशुमारी के लिए कांकेर जिला के पर्यवेक्षक भरत वर्मा और जिला चुनाव अधिकारी लक्ष्मी वर्मा उपस्थित रहेंगे। रायशुमारी की रिपोर्ट प्रदेश संगठन को सौंपी जाएगी और प्रदेश संगठन से जिलाध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। जानकारी के अनुसार ओबीसी वर्ग से लगातार 2008 से 2018 तक संगठन के जिलाध्यक्ष क्रमशः भरत मटियारा और हलधर साहू रहे। उसके बाद एसटी वर्ग से सतीश लाटिया को जिम्मेदारी सौंपी गई। 2008 से 2024 इन 16 सालों में सामान्य वर्ग को मौका नहीं मिला है। इस बार सामान्य वर्ग से अध्यक्ष बनाए जाने की बात उठी है। जिले मे निवासरत राष्ट्रीय पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य, जिले में निवासरत प्रदेश ▶▶| शेष पेज 10 पर

## दुकान के बाहर युवती के साथ युवक ने की मारपीट

- जान से मारने की दी धमकी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत नगर के कपड़ा दुकान में काम करने वाली युवती के साथ पैसा की लेनदेन की बात को लेकर युवक ने मारपीट किया। दुकान के बाहर युवती के बाल को खींचते हुए डण्डा व हाथ मुक्का से मारपीट किया व थाना में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित युवती ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंची कॉलेजपारा भानुप्रतापपुर निवासी 20 वर्षीय ललिता वड्डे पिता रामलाल वड्डे ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में भानुप्रतापपुर के कपड़ा दुकान में काम करती है। रोज की तरह 23 दिसंबर को सुबह 9 बजें दुकान में काम करने के लिए गई थी। सुबह लगभग साढ़े 10 बजें



बसंतनगर नारायणपुर निवासी नीरू नाम का लड़का दुकान में आया और मुझे पुराने पैसे लेन देन की बात को लेकर विवाद करने लगा। मेरा पैसा वापस करो बोला तब बोली कि दुकान में कस्टमर है, अभी उस संबंध में बात मत करो, यहां से चले जाओ । उसी समय दुकान की मालकिन चाय लाने भेजी। तब चाय लेने के लिए बाहर निकल रही ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सड़क किनारे व सार्वजनिक स्थलों पर लग रहा कचरे का अंबार

# शहर के जिम्मेदार स्वयं का कचरा फेंक रहे, दूसरे की दुकान के सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर से गांव तक सड़क किनारे या फिर सार्वजनिक स्थलों पर कचरे का अंबार कभी भी देखा जा सकता है। देश के पीएम मोदी ने स्वच्छता अभियान चलाया, जिसका प्रभाव उसी समय दिखाई देता है, जब अभियान चलता है, शेष समय शहर के जिम्मेदार स्वयं के कचरे को दूसरों के दुकान के सामने डाल देते है। कचरे को पूर्ण रूप से निपटारा के लिए जिम्मेदारों को सामने आने की जरूरत है। ऐसा नजारा मुख्य मार्ग में गिरीश सायकल के पास, सिंधी धर्मशाला के पास व अन्य स्थानों पर रोज देखा जा सकता है। शहर में स्थित कई दुकानदार एवं आसपास घर वालें अपने यहां के कचरे को दूसरे के दुकान व खुली जगह पर खुले में फेंक देते हैं। जिसके चलते आसपास के लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि शहर के जिम्मेदार व्यापारी और रहवासी अपने यहां का कचरा खुलेआम सड़क किनारे फेंक देते है। ऐसे लोगों को कैमरे में कैद करके उनके खिलाफ नगरपालिका को जुर्माना लगाना चाहिए, परंतु ऐसा कुछ नहीं होने के कारण शहर के जिम्मेदार कहीं भी कचरा डाल देते है। आसपड़ोस के लोगों के द्वारा मना करने पर विवाद की स्थिति बनाते है, परंतु कचरा डालने से बाज नहीं आते है। सबसे चिंताजनक स्थिति तब होती है जब कचरों में अज्ञात कोई व्यक्ति आग लगा देता है, उससे फैलने वाले प्रदूषण से आसपास के लोग कुछ ज्यादा ही परेशान होते है। आसपास का वातावरण स्वच्छ रखना हर नागरिक की जवाबदेही है। बगैर मनोदशा बदले परिदृश्य नहीं बदल सकता। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार सड़क के बगल में कचरा फेंके जाने से गंभीर बीमारी होने का खतरा बना रहता है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को सफलीभूत करना हर एक नागरिक का दायित्व है।





### सुबह बाजार खुलने से पहले हो जाती है सफाई

शहर के बाजारों में साफ सफाई का काम सुबह छह बजे ही शुरू हो जाता है। दुकानदार जब अपनी दुकान खोलते हैं, तो उन्हें सड़क साफ दिखाई देती है। लेकिन जब दुकान की साफ सफाई का काम किया जाता है तो दुकान से निकलने वाला कचरे को दुकान से कुछ दूरी पर ढेर लगा दिया जाता है। पूरे बाजार में ऐसा ही होता है और छोटे छोटे ढेर बाजार को फिर से गंदा कर देते हैं। रात को या सुबह जब दुकानदार साफ सफाई करते हैं तो एकत्रित होने वाले कचरे को डस्टबीन में डाल लेना चाहिए। शहर के बाजार नौ बजे तक खुलने शुरू हो जाते हैं, इसलिए नगर पालिका को अमले को बाजार में भेजकर एकत्र कचरा को उठाना चाहिए, तभी सफाई हो पाएगी।

## सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत कोड़ेजुंगा के पास 22 दिसंबर की रात करीबन साढ़े 11 बजे शिवनगर कांकेर निवासी 30 वर्षीय दिल्लू प्रसाद पटेल सड़क दुर्घटना में घायल हो गया, जिसकी ईलाज के दौरान मौत हो गया। अलबेलापारा कांकेर निवासी 32 वर्षीय विवेक कुमार पटेल ने पुलिस को बताया कि मृतक मोटर सायकल में सवार होकर अपने घर जा रहा था। अज्ञात वाहन की टक्कर से मृतक के सिर में गंभीर चोट आया था, जिसका ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।


## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### धनोरा में नवनिवाचित अध्यक्ष ने ली भाजपा मंडल की बैठक

**धनोरा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल धनोरा की नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष संतोष सिन्हा ने आज बैठक ली। स्थानीय बस स्टैंड में मिष्ठान वितरण व आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेतागण रमेश यादव , धरम सिंह राणा , कुबेर बघेल, बोधन नेताम, सहादेव कुमेटी, राम यदु, जयेश उईके, सुकलू मण्डावी, चौधरी जायसवाल , राकेश पोटाई , शीतेश सिन्हा, बादराय पोटाई , सोनसाय उईके सहित अन्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### हरवेल से गम्हरी को जोड़ने वाली सड़क गड्ढों में तब्दील



**केशकाल।** कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल से गम्हरी को जोड़ने वाली सड़क इन दिनों बड़े बड़े गड्ढे में तब्दील हो गई है। जगह जगह पर गड्ढे होने से यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार लगभग दो महीने पहले केशकाल घाटी का मरम्मत का कार्य चल रहा है। बड़े वाहनों को इस रास्ते से प्रतिबंध किया गया है। हरवेल तराईबेंडा पिटीसपाल तितरवंड पिढापाल, गम्हरी जाने वाले वाहन इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। बड़े बड़े ट्रक, ट्रैक्टर टीपर, इस रास्ते से होकर जाते हैं। इस रास्ते पर आने जाने वाले को परेशानी झेलनी पड़ती है। बड़े हादसे को आमन्त्रित करने का अंदेशा जताया जा रहा है। जगह जगह पर सड़कों पर दरार देखने को मिल रही है। धूल से भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से सुधार की मांग की है।


### जिला, जनपद और ग्राम पंचायतों का आरक्षण 28 को

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के प्रावधान एवं विभागीय अनुदेश एवं निर्देशों के परिपालन में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के परिसीमन की कार्यवाही पूर्ण करा ली गई है। जिले के ग्राम पंचायत के वार्ड, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्यों, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्यों का आरक्षण किया जाना है। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के लिए वार्ड और पदों का आरक्षण की कार्यवाही 28 दिसंबर को किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जिले के ग्राम पंचायतों के सरपंच, वार्ड पंचों का आरक्षण की प्रक्रिया जनपद पंचायत कोण्डागांव, माकड़ी, फरसगांव, केशकाल, बड़ेराजपुर के सभाकक्ष में 28 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से शुरू होगा। जबकि जिला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत अध्यक्ष व सदस्य पदों के आरक्षण की कार्यवाही कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में 28 दिसंबर को सुबह 12 बजे से होगी।

**उपलब्धि : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिया 20 लाख का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र**

# कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना में कोण्डागांव जिला अस्पताल को राज्य में मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



■ प्रदेश के सभी 33 जिलों की शासकीय संस्थाओं ने लिया था भाग

जिला अस्पताल कोण्डागांव ने ''कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना'' 2023–24 में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 20 लाख का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग रायपुर छग के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पुरे प्रदेश में 33 जिलों के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्था ने भाग लिया जिसमें जिला अस्पताल कोण्डागांव ने 93.23 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे प्रदेश में दुसरा स्थान प्राप्त किया। कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना का क्रियान्वयन अस्पतालों में साफ सफाई एवं स्वच्छता को बढ़ानें तथा संक्रमण रोकने के लिये किया जाता है। इस योजना के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं को अस्पताल का रख रखाव, स्वच्छता और साफ सफाई, वेस्ट प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, सपोर्ट सेवायें, हायजीन प्रमोशन, बाउन्ड्री वाल के आस पास साफ सफाई, इको फ्रेन्डली अस्पताल जैसे 8 मानक स्तर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है। कायाकल्प योजना तीन चरणों में पूर्ण होता है जिनके अंतिम चरण में राज्य द्वारा गठित समिति के मुल्यांकन पश्चात स्वास्थ्य संस्था का चिन्हांकन पुरस्कार के लिए चयन किया जाता है। इस समान समारोह का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग रायपुर छ.ग. द्वारा स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपाई ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। यह उपलब्धि कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग कोण्डागांव ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान प्राप्त किया है।

**ये रहे उपस्थित**

इस सम्मान समारोह में जिले तरफ से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के सिंह, स्वास्थ्य विभाग की टीम में जिला अस्पताल सिविल सर्जन डॉ. आरसी ठाकुर, डीपीएम भावना महलवार, डॉ. बसंत तोड़े, अस्पताल सलाहकार डॉ.सौरभ कोचर, स्टाफ नर्स हर्षा चौहान, फार्मासिस्ट प्रशांत अचार्य, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.पदम बघेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग का शोषण, आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ वारदात को अंजाम देकर आरोपी हो गया था फरार

कांकेर जिले के अनंतपुर थाना पुलिस ने नाबालिग0के दैहिक शोषण के मामले में फरार आरोपी सोयंबर उर्फ सोयम जानी को ओडिशा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार 4 दिसंबर 2024 को पीड़िता के परिजनों ने अनंतपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी सोयंबर उर्फ सोयम जानी 24 वर्ष ने शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दैहिक शोषण किया। शिकायत पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 366, 376(2)(ढ), 506 और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपी अपने गांव से फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में अनंतपुर थाना प्रभारी अखिलेश धीवर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने ओडिशा के नवरंगपुर जिले के उमरकोट थाना अंतर्गत ग्राम सोरागुड़ा में दबिश देकर आरोपी को 24 दिसंबर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

**कार्रवाई में ये रहे शामिल**

कार्रवाई में थाना प्रभारी अखिलेश धीवर, उपनिरीक्षक अभिराम मेश्राम और उनकी टीम के सदस्यों छबीलाल कोर्राम, भूपेन्द्र मरकाम, भावेश मंडावी, नेमीचंद भंडारी, शालिक कश्यप, मनराज वट्टी, सोपसिंह मरकाम, चेतन मरकाम, विनेश सोरी, गितेश सेठिया, दिनदयाल सोनवानी और सुखदेव ध्रुव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## हाराडुला में विधायक सावित्री ने समाज भवनों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



विकासखण्ड चारामा के ग्राम हाराडुला में विकास कार्यों के तहत गोंडवाना समाज भवन, धोबी समाज भवन और यादव समाज भवन का भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने विधिवत लोकार्पण किया। यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता और ग्रामीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

लोकार्पण समारोह में तीनों समाज के पदाधिकारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक सावित्री मंडावी ने क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते है हुए कहा कि समाज भवन ग्रामीणों के सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में कार्य करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों और समाज के लोगों ने विधायक सावित्री मंडावी का आभार व्यक्त किया और विकास कार्यों के लिए उनकी सराहना की। समाज भवनों के लोकार्पण से ग्राम हाराडुला के निवासियों को विभिन्न सामाजिक गतिविधियों और कार्यक्रमों के आयोजन में सहूलियत होगी।

कार्यक्रम के अंत में विधायक ने सभी ग्रामीणों को क्षेत्र के विकास में सक्रिय भागीदारी की अपील की और आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह के विकास कार्य जारी रहेंगे। ग्राम हाराडुला में यह कदम सामाजिक एकता और विकास के क्षेत्र में एक नई शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर सरपंच महेन्द्र गावड़े, पूर्व सदस्य गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ नरेन्द्र यादव, अरूण मरकाम, महेन्द्र नायक, रघुनंदन साहू, यमुना निर्मलकर उपस्थित रहे।

## अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



थाना पुलिस ने अवैध गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देश पर फरसगांव थाना पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने लगातार कार्रवाई कर रही हैं। थाना क्षेत्र में अवैध नशेली मादक पदार्थ के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुये 23 दिसम्बर को मुखबीर सूचना पर जुगानी कैंप निवासी आसतोस बर्मन अपने घर बरामदा में अवैध रूप गांजा बिक्री करने के लिए रखा है। सूचना पर जुगानी कैंप आसतोस बर्मन के घर बरामदा में घेराबंदी की गई। मुखबिर के बताए अनुसार एक व्यक्ति ग्राम जुगानी कैंप आसतोस बर्मन के घर बरामदा में एक झिल्ली एवं एक प्लास्टिक के डिब्बा में गांजा के साथ पकड़ा गया। आरोपी के नाम पता पूछने पर अपना नाम आसतोस बर्मन पिता जितेन्द्र बर्मन उम्र 48 वर्ष निवासी जुगानी कैंप थाना फरसगांव का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से कुल 1.282 किलोग्राम गांजा कीमत 10 हजार रुपए जब्त कर एनडीपीएस की धारा 20 बी के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की। आरोपी को गिरफ्तार रिमाण्ड पर जेल भेजा गया हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिन्दे, सउनि किशोर प्रजापति, आरक्षक कृष्ण कुमार सोनवानी, रतिराम मण्डावी, नारायण शार्दूल, म.आर. हेमेश्वरी शार्दूल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## सरोना शासकीय महाविद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शासकीय महाविद्यालय सरोना में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के विधायक आशाराम नेताम उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि आज आधुनिक दुनिया मे शिक्षा प्रणाली का स्तर बढ़ गया है। आज नई शिक्षा, नई उड़ान के थीम को लेकर जिस तरह ज्ञान प्राप्त कर रहे है, इससे भविष्य और बेहतर उज्ज्वल होगा। आप अपने माता पिता और महाविद्यालय का विश्वास को लेकर आगे बढ़े। आज कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है, लेकिन नशा के चक्कर मे गर्त कि ओर जा रहे हैं। नशा नाश का जड़ , इससे दूर रहें। छात्र-छात्रओं के द्वारा अपने कक्षाओं को सुंदर ढंग से सजाने को लेकर विधायक ने जमकर प्रशंसा भी किया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मे विधायर्थियों के द्वारा रंगारंग कर्यक्रम कि प्रस्तुति भी दिया गया जिसे सभी उपस्थित लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रचार्य सुरेश नेताम ने किया, विशिष्ट अतिथि में जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर, महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष मोहन नेताम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, जीवन नेताम, भारत निषाद, अशोक लुनावत, अशोक निषाद, संजय गोलछा, नीलेश गोलछा, अजय नेताम, दिनेश यादव, मिथलेश सिन्हा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लोहत्तर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष का संतु नरेटी ने पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति लोहत्तर में नव-नियुक्त अध्यक्ष संतु नरेटी ने दुर्गुकोंदल लैंप्स प्रांगण में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा और अध्यक्षता बसंती भालेश्वर सरपंच ग्राम पंचायत लोहत्तर ने किया। लैंप्स प्रबंधक संतु पांडे ने अध्यक्ष पद का शपथ दिलाया। इस अवसर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने संतु नरेटी को सहकारी समिति लोहतर के अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई दी और कहा कि आपकी नेतृत्व क्षमता, समर्पण और सामाजिक सेवा की भावना ने आपको इस पद के लिए उपयुक्त बनाया है।

लैंप्स प्रबंधक ने कहा कि हमें विश्वास है कि आप सहकारी समिति के हितों की रक्षा करेंगे और सदस्यों के विकास के लिए काम करेंगे। आपके नेतृत्व में सहकारी समिति की प्रगति और विकास की उम्मीद है। हम आपको इस नए पद की शुभकामनाएं देते हैं और आपके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं करते हैं और साथ ही जिसमें सभी अतिथियों नें नवनियुक्त अध्यक्ष संतु नरेटी कों बधाई और शुभकामनायें दी, उसके पश्चात समस्त किसानों बारी बारी से टिका लगाकर अध्यक्ष को बधाई प्रेषित की। नव-नियुक्त अध्यक्ष संतु नरेटी ने कहा कि आपके हर सुख दुःख में जुडा रहूँगा आप के साथ मिलकर शासन प्रशासन की योजनाओं कों हर किसान तक पहुंचा कर प्रत्येक किसान कों लाभ दिलाने की कोशिश करने आप हम सब मिलकर कुछ नया करने का प्रयास करेंगें। कार्यक्रम में विशेष अतिथि विजय पटेल अध्यक्ष कँगलु कुम्हार महाविद्यालय, सियाराम जैन, देवजी देहारी, तेजप्रताप आमले, सतीश जैन, पुरुषोत्तम देहारी, राहुल जाम्बुलकर, कंवल सिंह दीवान, सुचिता पुरामे, नरेंद्र तुलावी और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्गूकोंदल शाखा प्रबंधक शाहीन खान के समक्ष अपना पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में महामंत्री विकास राजु नायक, वार्ड पंच जगमोहन केडाम, परनिया नाग, रुखमणी चोरिया, राजकुमार दीवान, सूखेद्र बढ़ाई, नरसिंह ध्रुवा, सोमेश्वर साहु, बिदेसिंह दुग्गा, धरमदेव पुरामे, जयसिंह उसारे और किसान नरसिंह यादव, श्याम मंडावी, बिदेसिंह पुड़ो, देवलु कोरेटी, नागेश देहारी, गणपत बढ़ाई, जगदीश देहारी, भुनेश कोर्राम, लखन दुग्गा, लगनू भुआर्या सहित किसानो क़ी उपस्थिति एवं लैंप्स ऑपरेटर बीरेंद्र पुरामे, खरीदी प्रभारी उमेश कोला, बारदाना प्रभारी नरेश दीवान, उदय गढ़िया सहित 50 से अधिक किसानों के समक्ष यह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

## घायल की मौत होने पर मर्ग जांच के बाद बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर दो बाइक के बीच भिड़त में एक चालक को गंभीर चोटें आईं थीं। घायल को चारामा के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया। चोट ज्यादा होने के कारण हायर सेंटर रिफर किया गया, जहां उसकी मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना में पाया गया कि 25 सितंबर को सुबह 7 बजे मृतक लवि कुमार यादव घरेलू काम से कुम्हारपारा चारामा मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएफ़फ 1028 से गया था। बूढ़ादेव कालोनी से निकल कर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के जीओ आफिस के सामने पहुंचा था। उसी समय धमतरी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही आरोपी वाहन मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एएक्स 2634 के चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक एक्सीडेंट कर देने से लवि कुमार यादव मोटर सायकल समेत जमीन पर गिर गया, जिसके कारण उसे सिर व गले में गहरी चोट आई थी। ईलाज के लिए 108 एम्बुलेश की मदद से सरकारी अस्पाताल चारामा पहुंचाया गया। घायल की हालत गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रिफर किया गया। इलाज के दौरान 27 सितंबर को मौत हो गया। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 281, 125 (बी), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## गांव की सरकार बनाने के लिए पंचायत विभाग ने आरक्षण का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




■ अधिसूचना जारी, 28 एवं 29 को होगा आरक्षण

छत्तीसगढ़ सरकार के पंचायत विभाग ने आरक्षण प्रक्रिया को कुछ दिन के लिए रोक दिया था। विभाग ने फिर से आदेश जारी करते हुए ऐलान किया है कि अब आरक्षण 28 एवं 29 दिसंबर को होगा।

जानकारी के अनुसार कांकेर जिला पंचायत के 11 जिला पंचायत क्षेत्र में चुनाव होना है और उसके आरक्षण की प्रकिया जिला पंचायत में 29 दिसंबर प्रातः 11 बजे से होगा और इस दिन तय हो जाएगा कि कौन सा क्षेत्र किसके लिए आरक्षित हुआ है। इस दिन के बाद से संभावित दावेदार अपने आकाओं के पास दौड़ लगाना शुरू कर देंगे। इसके पहले जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में 28 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में जनपद पंचायत कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, दुर्गूकोंदल और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा क्षेत्र के सरपंच, पंच पदों का आरक्षण होगा, उसके उपरांत जनपद सदस्य का आरक्षण होगा। यह तय है कि पंचायत चुनाव लड़ने वालों की चिंताए बढ़ गई है और जिनके द्वारा पांच साल में तैयारी किया गया है, वो आरक्षण को लेकर चिंतित नजर आने लगें है। जिला पंचायत सदस्य के लिए बहुत से उम्मीदवारों के द्वारा दावेदारी किए जाने की संभावना है और उनके द्वारा गुणा भाग शुरू कर दिया गया है। आरक्षण हो जाने के बाद सही तस्वीर सामने आएगी।

**28 एवं 20 को होगा चुनाव**

समय-सारणी के अनुसार 28 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही एवं अधिसूचना का प्रकाशन संबंधित जिलों के कलेक्टर द्वारा किया जाएगा।

गौरतलब है कि इस संबंध में आरक्षण की कार्यवाही हेतु सूचना का प्रकाशन 23 दिसम्बर को संबंधित जिलों के कलेक्टरों द्वारा किया जा चुका है। आरक्षण की कार्यवाही पूर्ण कर 29 दिसम्बर को कलेक्टरों द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास को जानकारी भेजी जाएगी।

## पेज 9 के शेष...

**रावघाट में 80...**

हो, कोई बचेगा नहीं। आयोजित बैठक में पूर्व विधायक अनूप नाग, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष संतराम सलाम, जितेन्द्र मरकाम, सतीश ठाकुर, बंटी ठाकुर, रावघाट संघर्ष समिति के अध्यक्ष सोमनाथ उसेंडी, तेज बघेल, चंदेल कुमेटी, संतोष सुखदेवे ,बंशी दुग्गा, आत्माराम उपस्थित रहे।

**भाजपा विधायक ...**

बांधने राशि स्वीकृत की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों को पूरे वर्ष भर निस्तारी की समस्या से जूझना पड़ रहा था। ग्रामीणों की मांग पर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव और तत्कालीन कलेक्टर डां प्रियंका शुक्ला ग्राम सुरूंगदोह पहुंचकर तालाब का निरीक्षण किया, परंतु कलेक्टर ने केवल आश्वासन दिया, परंतु राशि स्वीकृत नहीं किया था। इसके अलावा ग्रामीणों ने कांग्रेस के मुख्यमंत्री, बजट सत्र, जनदर्शन, ग्राम स्वराज व भेंट मुलाकात एवं जिला प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया था फिर भी स्वीकृति नहीं मिली थी। कुछ ग्रामीणों ने इस मामले को भानुप्रतापपुर में विधायक विक्रम उसेंडी के संज्ञान में लाया था और उन्होने कलेक्टर से इस समस्या के निराकरण के लिए संवाद किया, अंततः कलेक्टर ने जिला निर्माण से उक्त राशि को स्वीकृत कर ग्रामीणों की मांग को पूरा किया। कांग्रेस के पाँच साल में कांग्रेस के नेताओं ने कई बार मशक्कत किया, परंतु कार्य पूरा नहीं हो सका, वहीं भाजपा के सरकार के एक साल में यह कार्य स्वीकृत हो गया, जिसकी जानकारी गाँव के कई लोगों को नहीं होगी।

**भाजपा जिलाध्यक्ष को...**

पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य, जिले में निवासरत राष्ट्रीय मोर्चा के पदाधिकारी, जिले मे निवासरत प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, सांसद व विधायक, पूर्व सांसद व पूर्व विधायक, जिला संगठन प्रभारी, जिला पदाधिकारी भाजपा, वर्तमान मंडल अध्यक्ष व पूर्व मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ नेतागण, संघ परिवार से चर्चा, आयोग के पूर्व अध्यक्ष, चेयरमेन, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा से रायशुमारी करेंगे। सामान्य वर्ग से आलोक ठाकुर, रवि तिवारी, निखिल राठौर, राजा देवनानी, ब्रजेश चौहान और ओबीसी वर्ग से दिलीप जायसवाल के नाम सामने आएं है। ओबीसी वर्ग से दूसरा नाम टेकेश्वर जैन का है, परंतु इनकी उम्र संगठन के द्वारा तय की गई गाइड लाइन में फिट नहीं होने से अभी इंतजार करना पड़ सकता है। भाजपा कार्यालय में आज माहौल गरमाया रहेगा। मंडल अध्यक्षों की पूछ परख सबसे ज्यादा बढ़ गई है और उनके पास दावेदारों के लगातार फोन पहुँच रहे है। रायशुमारी में आए इनपुट को एकत्र करके हाईकमान को दिया जाएगा, हाईकमान एक नाम को लिफाफा बंद करेगी और उसके बाद उसी लिफाफे को खोलकर नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

**दुकान के बाहर...**

थी। उसी समय दुकान के बाहर नीरू अत्यधिक आवेश में आकर मुझे गाली देने लगा। पैसा अभी वापस कर कहते हुए मेरे बाल को खींचते हुए हाथ मुक्का व डण्डा से मारपीट करने लगा। मारपीट करने से मेरे सिर चोट आई है। वहां पर मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया है। मारपीट के बाद आरोपी नीरू कहने लगा कि अगर मेरे खिलाफ थाना में रिपोर्ट करेगी तो तुझे जान से मार दूंगा। शिकायत पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

खबर संक्षेप

## एनसीसी बालिका कैडेट का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आरंभ



**भोंड।** छत्तीसगढ़ बालिका बटालियन एनसीसी परचनपाल द्वारा एनसीसी का द्वितीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर -28 के कैंप कमांडेंट कर्नल प्रवाल, डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल विवेक कुमार एवं सूबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह के अगुवाई में बस्तर संभाग के पांच जिलों के 290 एनसीसी बालिका कैडेटस का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में किया जा रहा है। इस शिविर में कैडेट को सैन्य प्रशिक्षण के साथ देश प्रेम सेवा भाव, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा और यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी।

### पोटाकेबिन के कर्मचारी पीड़ा लेकर पहुंचे मंत्री केदार से मिलने

# शिक्षा विभाग कर रही अवहेलना, वेतन विसंगति नियमितिकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

हर घर शिक्षा तथा शाला त्यागी नवप्रवेशी आदिवासी छात्र-छात्राओं के लिए संचालित पोटाकेबिनों के कर्मचारियों के साथ शिक्षा विभाग दौहरा व्यवहार करते हुए अवहेलना कर रही है। जिसको लेकर पोटाकेबिन के कर्मचारी जिले के प्रभारी तथा छत्तीसगढ़ शासन के वरिष्ठ मंत्री केदार कश्यप से मिलकर अपनी पीड़ा व समस्याओं को अवगत कराया।

ज्ञात हो वर्ष 2009-10 से राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों एवं वनांचल क्षेत्रों के लिए पोटाकेबिन संस्थाओं का संचालन शुरू किया गया है। जिसमें सेवा दे रहे सैकड़ों कर्मचारी अनुदेशक शिक्षकों को नियमित कर्मचारी नहीं करते हुए, इन से शिक्षा विभाग सभी कार्य एवं संस्था में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की प्रश्न पत्र जांच, मूल्यांकन, अध्यापन कार्य देखरेख के साथ-साथ सभी कार्य करा रही है। किंतु शिक्षा विभाग डेढ़ दशक से सेवा दे रहे इन कर्मचारियों की आर्थिक, मानसिक परेशानी से अपनी कोई सरोकार नहीं रख रही है।

इन कर्मचारियों को निर्देश तो हर कार्य के लिए ऐसा दिया जाता है, जैसे कि वर्ग एक शिक्षक हो । ज्ञात हो कि ये कर्मचारी समय-समय पर जिला प्रशासन को भी अपनी समस्याओं से अवगत कराते रहते है। किंतु इन्हें भृत्य कलेक्टर दर संविदा कर्मचारी से कम वेतन देकर नियमों को दरकिनार कर दिया जाता है।



### सहानुभूतिपूर्वक विचार करने मंत्री केदार से अपील

पोटाकेबिन में सेवा दे रहे कर्मचारी सोमवार को मंत्री केदार कश्यप से मिलकर अवहेलना तथा वेतन विसंगती नियमितीकरण को लेकर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने अपील की है। इस दौरान मंत्री कश्यप ने कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों के निराकरण करने का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि कर्मचारियों को वर्तमान में मानदेय दस हजार रूपये दिया जा रहा है और वहीं जिला बीजापुर में सेवा दे रहे। इन कर्मचारियों को 12 हजार 500 सौ रूपये मानदेय के रूप में दिया जा रहा है। पोटाकेबिन के कर्मचारी एक शिक्षक से भी अधिक सेवा इन संस्था को देते है।

## कृषि विज्ञान केंद्र ने मनाया राष्ट्रीय किसान दिवस, किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

कृषि विज्ञान केंद्र गीदम दंतेवाड़ा ने 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन में जिले की महिला किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नई कृषि तकनीकों से परिचित कराना और उनके योगदान को सम्मानित करना था।

इस अवसर पर केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत और समर्पण से ही देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है। तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों ने उन्नत कृषि तकनीकों, जैविक खेती और जल संरक्षण पर चर्चा की गई एवं किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और खेती में नवाचार अपनाने के सुझाव दिए।

जिले के कुछ प्रगतिशील किसानों को श्रीफल से सम्मानित भी किया गया। इनमें जैविक खेती, पशुपालन और उद्यानिकी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले किसान शामिल थे। राष्ट्रीय किसान दिवस का यह आयोजन किसानों के जीवन और खेती के प्रति समर्पण को प्रेरित करने वाला साबित हुआ।

# 23 महिला समूह को 66.50 लाख का मिला लोन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन ग्राम तारागांव में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बस्तर ब्लॉक के विभिन्न विभाग अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी उक्त कार्यक्रम में दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप जनपद अध्यक्ष टिकेश्वरी मंडावी, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान व जनपद उपाध्यक्ष मोहन मौर्य की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

शिविर में जनपद पंचायत सीईओ भानुप्रताप सिंह चुरेंद्र ने जानकारी में बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को गांव के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाना और अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। ग्रामीणों की समस्याओं को शिविर के माध्यम से समाधान करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश विष्णु की पाती सभी लाभार्थी महिलाओं को वितरण किया गया। शिविर में स्व सहायता समूह बिहान योजना के तहत कुल 23 समूह का 66.50 लाख का लोन वितरण किया गया एवं लखपति दीदी का प्रमाण पत्र व प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही को विष्णु की पाती चाबी प्रदान किया गया। राशन कार्ड के पांच हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया गया राजस्व विभाग के द्वारा वन अधिकार पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें फोर्टिफाइट चावल पर सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन संचार के अंतर्गत कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम ए आर राणा, सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र, नायब तहसीलदार लखीराम पांडे, बीईओ नाग, एबीईओ, सुशील तिवारी, बीआरसी राजेंद्र सिंह ठाकुर सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

# ई-ऑफिस के तहत विभाग प्रमुखों को प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा द्वारा समय सीमा की बैठक ली गई। बैठक में सर्वप्रथम प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि ई-ऑफिस के तर्ज पर जिले के समस्त कार्यालयों में पेपरलेस कार्य किया जाना है, जिसके लिए समस्त विभाग प्रमुखों को प्रशिक्षित किया जाना प्रस्तावित है। अतः सभी विभाग प्रमुख ई-आफिस से संबंधित तकनीकों से शीघ्र परिचित होवें। क्योंकि भविष्य में सभी विभागीय कार्यप्रणाली ई-ऑफिस के तहत की जानी है। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्राथमिक सहकारी समिति से जोड़ने हेतु विभागों की प्रगति की भी जानकारी चाही। इसके अलावा उनका यह भी कहना था कि स्वच्छता ही सेवा अन्तर्गत प्रतिमाह अभियान 2024 में सभी कार्यालयों में महीने के किसी निश्चित दिन साफ-सफाई कर अपशिष्ट पदार्थों को डिस्पोजल करने के साथ-साथ स्वच्छता में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाना निर्देशित है। बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने विभागों को टेंडर संबंधी प्रक्रिया को इस माह के अंत तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

# शताब्दी जयंती पर 100 गाने गाकर कलरव के कलाकारों ने सजाई सुरों की महफिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संगीत की दुनिया के महान फनकार मो.रफी की 100वीं जयंती पर शहर के म्यूजीकल ग्रुप कलरव के कलाकारों ने लगातार 100 गानें गाकर एक नया रिकार्ड बनाया है। भारत के सबसे प्रसिद्ध गायकों में से एक मोहम्मद रफी संगीत की दुनिया के एक महान लीजेंड थे। उन्होंनें कई दिग्गज फिल्म कलाकारों के लिए सदाबहार हिट गाने गाए है। 24 सितंबर को उनकी सौवीं जयंती के अवसर पर कलरव की टीम ने एक बेहद कठीन फैसला लेते हुए लगातार 100 गाने गाने का प्रण किया और फेसबुक लाईव के माध्यम से शहर के 60 से भी अधिक कलाकारों के साथ महज पांच घंटे में ये कारनामा कर दिखाया।

- 60 गायक कलाकार और 6 एंकर ने मिलकर गाये गीत
- शाम 4.30 से शुरु होकर रात्रि 9.30 तक फेसबुक लाईव

कलरव के डायरेक्टर अफजल अलि ने बताया कि कलरव का गठन माह अप्रेल में कुछ गैर व्यवसायी, शौकिया, घरेलू व कामकाजी लोगों के समूह ने किया था। लगातार फेस बुक लाईव व स्टेज शो के बाद कलरव ने लोगों के दिलों में जगह बनाई। मोहम्मद रफी साहब की शताब्दी जयंती पर कुछ अलग करने की सोच ने इतना बड़ा कदम उठाने की हिम्मत दी। सोच को धरातल पर सफलता से लाने के लिए पहले शहर के सभी सिंगर्स से संपर्क किया गया फिर लगातार रिहर्सल और कार्ययोजना बनाकर इसे मूर्त रूप दिया जा सका। रफी साहब के गाए हजारों गानों में से प्रचलित गानों का चयन कर फेसबुक के माध्यम से कलाकारों ने इसकी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की शुरूवात शिरडी वाले सांई बाबा गीत के साथ की गई। इसके बाद 5 अलग-अलग स्लाट में 20-20 गानें गाये गए। आज पुरानी राहों में, बदन पे सितारें , तुम मूझे यूं, तुम जो मिल गए हो, तेरी गलियों में, पुकारता चला हूं मैं, दिल का सुना साज, मैंने पूछा चांद से जैसे एक से बढ़कर एक सदाबहार 100 गीतों की प्रस्तुति हुई। इस हेतु लिंक कई दिनों पहले से विभिन्न माध्यमों से लोगो को शेयर किए गए। संगीत आयोजन को मूर्त रूप देने तकनिकी एकस्पर्ट की टीम बनाई गई एवं अलग-अलग ग्रुप का निर्माण कर सबकों जिम्मेदारी सौंपी गई। फेसबुक लाइव शुरु होते ही बस्तर संभाग के साथ साथ छत्तीसगढ़ एवं दिगर राज्यों के संगीतप्रेमी श्रोता लगातार जुड़ते चले गए और आयोजन को सफल बनाया।



## दुर्घटना में कमी लाने वाहन चालकों का हो रहा है नेत्र जांच

**गीदम।** नेत्र परीक्षण सप्ताह का आयोजन 23 से 28 दिसंबर तक गीदम जांच वनोपज नाका के पास शिविर में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और वाहन चालकों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं दृष्टि क्षमता की जांच करना है। नेत्र संबंधी समस्याओं की पहचान और समाधान कर सड़क पर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है। नेत्र परीक्षण सप्ताह के दौरान निशुल्क नेत्र परीक्षण, गंभीर दृष्टिदोष वाले मरीजों को उच्च स्वास्थ्य संस्थान में रेफर करने के साथ ही नेत्र देखभाल से संबंधित परामर्श दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नेत्र स्वास्थ्य की कमी सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक है। इस प्रकार यह सप्ताह वाहन चालकों को समय पर नेत्र देखभाल सुनिश्चित करने का अवसर प्रदान करता है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मदद मिलेगी। आज शिविर में 70 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया।



# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लौट रही खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कोंटा विकासखंड के नक्सल प्रभावित गांव में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचार सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है । ज्ञात हो कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से विकास की रफ्तार बढ़ाने तथा सुविधाएं पहुंचाने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशों एवमं सुरक्षा बलों व कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में नियद नेल्लानर गांव सिलगेर में मोबाइल नेटवर्क का शुभारंभ किया गया है । इस संचार क्रांति से सिलगेर के साथ साथ बिदरे गांव के ग्रामीणों और युवाओं को आधुनिक संचार सुविधा का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। उल्लेखनीय है कि सिलगेर में टावर की स्थापना नियद नेल्लानार योजना और केंद्र सरकार की यूएसओएफ योजना के तहत की गई है। इस बहुप्रतीक्षित नेटवर्क सेवा का लाभ सिलगेर के साथ आसपास के गांव बिदरे और अन्य मोहल्लों के निवासियों को भी मिलेगा।



# किसान जैविक खाद का उपयोग करें : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कृषक उन्नति योजना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा के सभागार में एक दिवसीय सुशासन दिवस सह कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, जनपद उपाध्यक्ष डमरू नाग, जनप्रतिनिधि चौहान, भूतपूर्व सरपंच परदेसी नाग, मुक्का राम नाग, किसान मित्र धरम नाग तथा अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा में जिले के लगभग 200 से अधिक किसानों ने सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कृषि विभाग के उप संचालक पीआर बघेल ने कृषि के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया व रासायनिक उर्वरक का उपयोग कम से कम करके जैविक खाद का उपयोग करने कहा। केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रमुख एचएस तोमर ने रबी फसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही बैंगन, टमाटर एवं अन्य सब्जियों के उत्पादन तकनीक के बारे में किसानों को जानकारी प्रदान की। पौध रोग विशेषज्ञ राजेन्द्र प्रसाद कश्यप ने रबी फसलों में लगने वाले बीमारियों व उसके प्रबंधन के बारे में किसानों को सचेत रहने की शिक्षा प्रदान की।

इसी तारतम्य में छिंदगढ़ विकासखण्ड में भी सुशासन दिवस के अवसर पर कृषक गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित कर प्रगतिशील कृषकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कृषकों को विभिन्न योजनाओं एवं उन्नत कृषि की जानकारी देकर लाभदायक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में मनोज दूधी समिति अध्यक्ष ,जनप्रतिनिधि चिरजिवी मांडवी छिंदगढ़, अमर पोयम, देवाराम, सरपंच गंजेनार, सोमाराम सरपंच चिपुरपाल आयताराम, रामलाल ध्रुव उपस्थित थे।



## जिले में अब तक 2.43 लाख क्विंटल धान की हुई खरीदी

**सुकमा।** समर्थन मूल्य पर जिले के किसानों से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। धान उपार्जन हेतु जिले में 24 केन्द्र बनाए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर की स्थिति में जिले के लगभग 4 हजार 559 पंजीकृत किसानों से 2 लाख 43 हजार 52 क्विंटल धान की खरीदी किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान उपार्जन केन्द्र एर्राबोर में 4609.20 क्विंटल, कुकनार में 9324 क्विंटल, केरलापाल में 18405.20 क्विंटल, कांजीपानी में 4863.20 क्विंटल, कोडरीपाल में 12804.80 क्विंटल, कोंटा में 9929.20 क्विंटल, गादीरास में 13121.60 क्विंटल, मानकापाल में 743.20 क्विंटल, किस्टाराम में 7856.80 क्विंटल, गोलापल्ली में 7668.80 क्विंटल, चिंतागुफा में 506 क्विंटल, छिंदगढ़ में 14313.60 क्विंटल, बिरसठपाल में 16727.20 क्विंटल, जगरगुण्डा में 00 क्विंटल, चिड़पाल में 7951.60 क्विंटल, तोंगपाल 13249.20 क्विंटल, दोरनापाल में 7614.40 क्विंटल, नेतानार 17114.40 क्विंटल, पुसपाल 11714.80 क्विंटल, पोलमपल्ली में 1489.20 क्विंटल, गुडरा में 12249.20 क्विंटल , मुड़पल्ली में 6678.80 क्विंटल, कुंदनपाल में 2634.80 क्विंटल , सुकमा में 34572.80 क्विंटल और धान उपार्जन केंद्र सोना कुकानार में 6910 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है। इसी प्रकार जिले में धान का उठाव 16 हज़ार 820 क्विंटल हुआ है। जिला प्रशासन के द्वारा धान उठाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

## वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण से सक्षम बन रही मटनार की उत्पादक समूह की दीदियां

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बकावंड अंतर्गत मटनार की महिला स्व सहायता समूह की दीदियां गांव और समीपस्थ हाट-बाजार में वनोपज संग्रहण करने के साथ ही उसका प्रसंस्करण कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। इस उत्पादक समूह की सदस्य महिलाएं अपने इस कार्य को पूरी लगन एवं मेहनत से कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने की ओर अग्रसर हैं। उत्पादक समूह की दीदी रेखा पांडे बताती हैं कि अपने गांव तथा आसपास के हाट-बाजार में विभिन्न समूह सदस्यों के द्वारा ईमली एवं मक्का उत्पादन का कार्य किया जाता है इसलिए उपरोक्त उत्पाद को खरीदी-बिक्री करने के लिए कृषक कल्याण उत्पादक समूह का गठन किया गया।

## ग्रामीणों के लिए 25 शौचालय स्वीकृत

**जगदलपुर।** प्रशासन गांव की ओर पहल के अन्तर्गत जिला प्रशासन द्वारा विकासखण्ड दरभा के ग्राम पंचायत-लेण्ड्रा के ग्रामीणों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय हेतु प्रस्तुत आवेदन पर त्वरित कार्यवाही कर स्वीकृति प्रदान की एवं उपमुख्यमंत्री की घोषणा पर त्वरित कार्यवाही कर स्वीकृति प्रदान की गई हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा 8 दिसंबर को बस्तर जिले के प्रवास के दौरान विकासखण्ड लोहण्डीगुडा अन्तर्गत ग्राम पंचायत बड़ांजी 1 में हल्बा समाज सामुदायिक भवन में महिला एवं पुरूष शौचालय निर्माण की घोषणा किया गया था तथा विकासखण्ड दरभा अन्तर्गत ग्राम पंचायत लेण्ड्रा के 25 परिवारों के घरों में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु जिला प्रशासन को आवेदन किया गया था।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हल्बा समाज की शक्ति दिवस पर्व की तैयारियां जोरों पर



**दुर्गूकोंदल।** अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा, हल्बी समाज के नेतृत्व में पूरे हल्बा समुदाय के समाज द्वारा सामाजिक एकता का पर्व शक्ति दिवस हर साल 26 दिसंबर को कर्रामाड़ में शक्ति पर्व महोत्सव मनाया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, संगीत, हल्बी नृत्य, समाज के बुजुर्गों, पदाधिकारियों और प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान करेंगें। जिसमें सर्व समाज के ब्लॉक सगाजनों कों आमंत्रित किया गया है। उक्ताशय जानकारी मिडिया प्रभारी रविंद्र भालेश्वर और नितेंद्र कश्यप नें दी।

### किलेपार में आज से तीन दिवसीय कबड्डी स्पर्धा

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के ग्राम किलेपार में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 27 दिसंबर तक किया जाएगा। न्यू यंग स्टार कबड्डी क्लब के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय पुरस्कार 7001, तृतीय पुरस्कार 5001, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपएं दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को आयोजन समिति द्वारा निर्धारित नियम और शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### बुदेली में आज से होगी देव मड़ई

**भानुप्रतापपुर ।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम बुदेला का देव मड़ाई 25 दिसंबर को आयोजित किया गया है। इस देव मड़ाई में भानबेड़ा, मुंगवाल, कुड़ाल, भेजा, हफर्रा, खोरा, तेलम्मा, बरबसपुर, बारवी, चारगांव, भोड़ियां, डोगरकट्टा व आसपास गांव के अंगादेव डांग, डोली देव के साथ गायता, पटेल, पेन, मांझी पुजारी, सिरहा गुनिया आदि भारी संख्या में पहुंचते हैं। यह परम्परा लगभग 100 वर्षों से चली आ रही है। रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी शंकर हरि ग्राम भूरातरहूल की प्रस्तुति होगी।

### कांग्रेस के वार्ड प्रभारी तलाशेंगे पार्षद के लिए योग्य प्रत्याशी

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में वार्ड प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की बैठक आहुत की गई । बैठक में वार्ड प्रभारियों को निगम चुनाव में प्रत्येक वार्ड में विजय दिलाने तक मुस्तैदी के साथ डटे रहने के लिए कहा गया। सभी प्रभारियों एवं सह प्रभारियों से वार्ड में बैठक कर योग्य, मिलनसार एवं जिताऊ प्रत्याशियों की सूची तैयार करने एवं पार्षदों का रिपोर्ट कार्ड तैयार करने को कहा गया।

### किसान यूनियन ने सोसायटियों में तौल में कमी का लगाया आरोप

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय किसान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष रमेश गोयल और संभागीय अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार और अन्य किसानों की उपस्थिति में कमिश्नर को लेम्पस में धान खरीदी पर हो रही गड़बड़ी और अन्य सुविधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया ।

**कार्यक्रम :** स्कूल का वार्षिक उत्सव भव्यता और उल्लास के साथ आयोजित

# स्पंदन 2024 बना जेपी इंटरनेशनल स्कूल की उत्कृष्टता और समर्पण का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने किय सम्मानित

जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस का शुभारंभ अतिथियों सीसीएफ दिलराज प्रभाकर, कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर और स्कूल प्राइवेट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव गुप्ता की उपस्थिति में हुआ। सां ६ य का ली न कार्यक्रम कक्षा 6 वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए समर्पित था। इस वर्ष की थीम कालांतर समय की सिनेमाई यात्रा ने इतिहास, संस्कृति और तकनीकी प्रगति को कलात्मकता और भावनात्मकता से प्रस्तुत किया।

अतिथि की आसंदी से मुख्य वन संरक्षक दिलराज प्रभाकर ने कहा कि विद्यालय ने अल्प समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान कर जो पहचान बनाई है, वह प्रेरणादायक है। उन्होंने इसे दूरस्थ क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए वरदान बताते हुए गिदवानी परिवार की दूरदर्शिता की प्रशंसा किया। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए यह आशा व्यक्त किया कि भविष्य में यह संस्थान विश्वविद्यालय का रूप ले, जिससे इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर न जाना पड़े। कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। उन्होंने इसे एक ऐसा प्रयास बताया जो बच्चों के बहुआयामी विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके पाल्य भी इस विद्यालय में अध्ययनरत हैं और इसलिए वे इस संस्थान की गुणवत्ता और प्रतिबद्धता को प्रमाणित कर सकते हैं। अतिथि के आसंदी से राजीव गुप्ता ने कहा कि महानगरीय स्तर की उच्च गुणवत्ता वाली



शिक्षा को दूरस्थ क्षेत्र में उपलब्ध कराने का जो प्रयास जेपी इंटरनेशनल स्कूल और गिदवानी परिवार ने किया है, वह सराहनीय है। उन्होंने इस प्रयास को शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श पहल के रूप में सराहा। स्वागत भाषण में विद्यालय के निदेशक शंकर गिदवानी ने मंचासीन सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों और शिक्षा के प्रति इसकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्व. प्रताप राय गिदवानी, जिन्होंने बस्तर क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने का सपना देखा और उसे साकार किया। उनके इस स्वप्न को संजोए



रखते हुए हमारा परिवार उनकी विरासत को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके बाद, सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं और 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल, संगीत, चित्रकला, सीबीएसई विज्ञान प्रदर्शनी, और सीबीएसई हेरिटेज क्विज जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वालों को मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

अतिथियों में विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति गिदवानी, निदेशक मंडल के सदस्य अमर गिदवानी, राजेश गिदवानी, शंकर गिदवानी, संदीप गिदवानी, कृष्णा गिदवानी और करीना गिदवानी, शैक्षिक सलाहकार गोविंद मुदलियार शामिल रहे। मंच पर उनकी अगवानी प्राचार्य रितेश चौबे और विद्यार्थियों द्वारा की गई। मंच संचालन का दायित्व बच्चों ने कोमल राय भौमिक, करिश्मा परवीन, लिकेश्वर गुप्ता और श्रुति घोष के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक निभाया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे सुकांता भौमिक और कोमल राय भौमिक ने प्रस्तुत किया।

#### कार्यक्रम की थीम ने मनोरम यात्रा पर ले जाने का अनुभव कराया

कार्यक्रम की थीम कालांतर समय की सिनेमाई यात्रा ने सभी को अतीत से भविष्य तक की मनोरम यात्रा पर ले जाने का अनुभव कराया। प्रारंभिक प्रस्तुति में कक्षा 11 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों ने भारत एक खोज शीर्षक से सृष्टि की उत्पत्ति और सांस्कृतिक विकास को मंच पर स्वागत नृत्य के रूप में जीवंत किया। इसके बाद । 10 वीं के विद्यार्थियों ने टेक्नोलॉजी की यात्रा पर शुभारंभ शीर्षक से प्रेरणादायक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में हास्य और व्यंग्य से परिपूर्ण काल के प्रहरीः एक अनंत बंधन नाटक ने दर्शकों को अतीत और वर्तमान के बीच की कड़ियों पर सोचने के लिए प्रेरित किया। अंत में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने जय हो गीत पर रिदम ऑफ नेशन के साथ ऐसा समापन किया, जिसने दर्शकों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगा दी।

#### विद्यार्थियों ने बनाई अनुपम पेंटिंग

लाइव पेंटिंग सत्र में विद्यार्थियों ने मात्र चार मिनट में संस्थापक स्व. प्रताप राय गिदवानी की अनुपम पेंटिंग बनाई, जिसने दर्शकों को भावुक कर दिया। यह प्रस्तुति गिदवानी परिवार की प्रेरणा और विद्यार्थियों की कला-साधना का प्रतीक बन गई।

## पैराडाइज स्कूल के विंटर कैम्प में बच्चों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल इमलीपारा कांकेर में 23 से 27 दिसंबर तक चार दिवसीय विंटर कैम्प का आयोजन किया गया है, जिससे बच्चें अपने कलात्मक एवं रचनात्मक विकास कर सकें। विंटर कैम्प में प्राइमरी, मिडिल एवं हाई स्कूल के कुछ सेलेक्टेड स्टूडेंट कुल 150 बच्चे भाग ले रहें है, जिनकी बेसिक लैंग्वेज स्कील एवं मैथ्स को और अधिक डेवेलप किया जा रहा है।

विंटर कैम्प के प्रथम दिवस का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ योग एवं ध्यान से प्रांरभ हुआ। संगीत शिक्षक मृणाल द्वारा बच्चों के साथ प्रार्थना गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बनाया। सभी बच्चों को स्पोकन इंग्लिश सिखाया जा रहा है, जिससे बच्चे अंग्रेजी में बातचीत करने की कौशलता विकसित कर सकें। बच्चे अलग-अलग ग्रुप में होकर डांस टीचर गीता नरेटी द्वारा डांस तथा मृणाल पाण्डे द्वारा संगीत एवं गायन, हरमोनियम, तबला वादन सीख रहें हैं। इसके अलावा बच्चों को बेसिक इंग्लिश एवं मैथ्स के बारे में बताया जा रहा है तथा कर्सिव राइटिंग का अभ्यास कराया जा रहा है। सुप्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा डांस, म्यूजिक, बेसिक इंग्लिश, हिन्दी एवं मैथ्स आदि सिखाया जा रहा हैं। इसके अलावा स्पोर्ट में आउटडोर गेम में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो का अभ्यास कराया जा रहा है, जिसमे बच्चें उत्साहपूर्वक भाग ले रहें है। इसके अलावा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड क्लास के छात्र-छात्राऐं के लिये एक्ट्रा क्लास का आयोजन किया जा रहा है।

शीतकालीन अवकाश में समय का सदुपयोग करते हुए बच्चों को विभिन्न खेल कोचिंग कलात्मक एवं रचनात्मक कार्य में जोड़े रखने के लिए चलने वाले विंटर कैम्प के आयोजन में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनमजीत कौर का मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, पवित्र बराई, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, जीतूदास माण्डले, सरिता मिश्रा, सुचिस्मिता खान, इतिश्री गोलुगुरी, शबाना परवीन, मेघा सेवा, अनिल कुमार ढाके, उज्जवल निर्मलकर, रीया सोनी, सुन्नदा शर्मा, शिखा मेहरा, रचना शर्मा, लक्ष्मीनारायण नामदेव, रूमा मजूमदार, तुलसी निषाद, रामेश्वरी साहू, टाकेश्वर साहू, सुकदेव सरकार, पार्वती गजबल्ला, सलमा खान, पविन्द्र साहू, पेकेंटेश, रिंकी सेठी, शिल्पी पालित, निधि साहू,, प्रियंका श्रीवास्तव, कमलप्रीत कौर, संतोष ठाकुर, अभिनव सिंह, गीता नरेटी आदि शिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## चिवराज में शाउमा विद्यालय इच्छापुर रासेयो का शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शाउमा विद्यालय इच्छापुर द्वारा ग्राम पंचायत कोड़ेजुंगा के आश्रित ग्राम चिवराज में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस शिविर का उद्घाटन किया गया। सात दिवसीय शिविर में स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, स्वास्थ्य जागरूकता, ग्रामीण विकास और कौशल विकास जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। शिविरार्थियों को ग्रामीण जीवन की समस्याओं और उनके समाधान के उपायों से अवगत कराया जाएगा। ग्रामवासियों ने भी इस शिविर के प्रति अपनी सहमति और सहयोग व्यक्त किया। एनएसएस के इस प्रयास से न केवल युवाओं में नेतृत्व और सेवा भावना का विकास होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक जागरूकता भी फैलेगी।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नरोत्तम पडोटी के करकमलों द्वारा किया गया। उन्होंने सभी शिविरार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सामाजिक सेवा, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना है। उन्होंने युवाओं को जीवन में अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव को अपनाने की प्रेरणा दी। सरपंच ज्योति कचलाम ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिविर को सफलतापूर्वक संचालित करने के निर्देश दिए और सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया कि वे पूरे समर्पण के साथ इस शिविर का हिस्सा बनें। कार्यक्रम अधिकारी सतीश चंद्र प्रसाद ने राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका मुख्य लक्ष्य युवाओं में समाज सेवा, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करना है। एनएसएस विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक समस्याओं से



अवगत कराता है और उन्हें समाधान की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम संरक्षक प्राचार्य विकास श्रीवास्तव ने शिविर के आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद व्यक्त किया और विद्यार्थियों को शिविर में सक्रिय भागीदारी की सलाह दी। यह शिविर एक ऐसे क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है जो नेटवर्क की समस्या से जूझ रहा है। ग्राम चिवराज में संचार सुविधाओं का अभाव है, जिसके बावजूद युवाओं और ग्रामीणों का इस शिविर के प्रति उत्साह और भागीदारी सराहनीय है। यह शिविर न केवल सामाजिक सेवा की भावना को मजबूत करेगा, बल्कि ग्रामीण विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगा। सभी ने शिविर के उद्देश्यों की सराहना करते हुए इसे ग्राम विकास और युवा सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण कदम बताया।

#### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस शिविर में हर्ष डोंगरे, लक्ष्मी चक्रधारी, भारती कांगे और दिनेश थप्पा जैसे पूर्व एनएसएस स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए शिविरार्थियों को प्रेरित किया और शिविर को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में ग्रामीणों का विशेष सहयोग और उपस्थिति रही। सुकलाल हिचामी, चंदन मंडावी, नंदो मंडावी पंच और सुलोचना हिचामी पंच सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा में अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर वर्चुअल सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच थीम पर जन-जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रति वर्ष भारत में 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। 24 दिसम्बर 1991 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य उपभोक्ता अधिकार, अधिनियम और संरक्षण के सन्दर्भ में आम जनता को जागरूक करना है।

सर्वप्रथम अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक रवीन्द्र सिंह चंद्रवंशी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का इतिहास, उपभोक्ताओं के साथ होने वाले शोषण, उपभोक्ता अधिकार, उपभोक्ता फोरम, उपभोक्ता अधिकार अधिनियम-1986,उपभोक्ता अधिकार अधिनियम-2019, विधिक माप विज्ञान अधिनियम-2009 एवं खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम-2006 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केके मरकाम ने इस



अवसर पर विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक रहने एवं उपभोक्ता शोषण के विरुद्ध शासन द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करने का आह्वान किया। गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डोमेश केमरो ने विद्यार्थियों को प्रत्येक खरीदी पर पक्का बिल लेने तथा दुकानदार या कोई व्यावसायिक प्रतिष्ठान द्वारा जीएसटी कर की चोरी के संदर्भ में सम्बंधित विभाग को सूचित करने का मार्गदर्शन दिया।

#### ये रहे उपस्थित

*जन-जागरुकता कार्यक्रम में इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक महेश कतलाम, राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक मनोहर लाल नेताम, अनूप यादव, नरेश साहू, सोमनाथ साहू, देवलाल कावड़े एवं बीए, बीएससी, बीकॉम-प्रथम सेमेस्टर, बीए-द्वितीय, तृतीय वर्ष अर्थशास्त्र के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।*

## बचाव करने गए युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बांदे थानांतर्गत पीव्ही 74 के पास लड़ाई झगड़ा को देख बचाव करने के लिए गए युवक के साथ विवाद कर रहे तीन लोगों ने मारपीट किया। मारपीट से युवक घायल हो गया, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 74 गौरीशंकरनगर निवासी पूनम तरफदार पति दीनबंधु तरफदार ने पुलिस को बताया कि 21 दिसंबर को शाम करीबन 7 बजे गांव के राम भवाल, दख्खो विश्वास, अनिवास राय ने प्रभल लकड़ा के घर के सामने मेन रोड़ मरोड़ा के पास



अपने दोस्तों के साथ लड़ाई झगड़ा हो रहे थे। उसी समय मेरा पुत्र भावेश तरफदार अपने जीजा विश्वजीत मजुमदार के घर से अपने घर आ रहा था। तब उन लोगों के झगड़ा लड़ाई को सुनकर व देखकर बीच बचाव के लिए गए तो गांव के राम भवाल, दख्खो विश्वास, अनिवास राय ने मेरे पुत्र भावेश तरफदार को तुम यहां पे क्यूं आ गए कहते हुए गाली गलौज करने लगा।आज तुमको जान से मारकर फेंक देंगे बोलते हुए तीनों एक राय होकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, जिससे भावेश को चोट आई है। ईलाज के लिए बांदे के अस्पताल में भर्ती किया गया। चोट गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रिफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115 (2) 351 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।




## नपं अध्यक्ष ने मुक्तिधाम की स्ट्रीट लाइट का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

नगर के मुक्तिधाम में मुक्तिधाम विकास समिति द्वारा लगातार सराहनीय कार्य किया जाता रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर पंचायत के द्वारा पोस्टमार्टम रूम, पंप हाउस एवं गली में स्ट्रीट लाइट लगाया गया, जिसका लोकार्पण नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी के द्वारा किया गया।



विगत कुछ वर्षों से समिति के द्वारा मुक्तिधाम का कायाकल्प किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष शंकर गांधी ने बताया कि मुक्तिधाम में रचनात्मक ऐतिहासिक कार्य अपना वास्तविक स्वरूप में दिखाई देने लगा है। लोकार्पण के दौरान अनंत गोपाल कोठारी, अम्बिका, रामानी प्रसाद सोनी, ईश्वर प्रसाद साहू, दीपक शर्मा, जीआर मरसकोले, मुकेश चंद्रकर, नमन जैन, भगवान सिंह, महेश जैन, जीवन यादव, संजय साहू, प्रगट सिंह सरदार व अन्य लोग उपस्थित रहे।







